कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मीरजापुर।

नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, मीरजापुर

सार्वजनिक नीलामी की सूचना

जनपद न्यायाधीश, मीरजापुर के आवासीय परिसर में न्यायिक अधिकारी श्रीमती भावना भारती, अपर सिविल जज (जू0डि0) न्याय कक्ष संख्या–4, मीरजापुर का आवंटित आवास संख्या जे0–10 के उत्तरी तरफ चहारदीवारी से सटा हुआ एक सागौन का पेड़ हरा, जिसकी मोटाई 1.80 मीटर है। उक्त सागौन के पेड़ को नीलाम कराने का निर्णय लिया गया है। यह नीलामी कोविड–19 के सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय तथा राज्य सरकार के द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों के अधीन दिनांक 13.5.2021 को जनपद न्यायालय, मीरजापुर के मीटिंग हाल में प्रातः 11.00 बजे सम्पन्न की जायेगी।

नीलामी निम्न शर्तो के अधीन होगी–

1. प्रत्येक बोली दाता को केन्द्रीय परिसेवी, मीरजापुर के यहाँ दिनांक 12.5.2021 को मु0 5000/– रू0 की धरोहर धनराशि नीलामी के पूर्व जमा करेगा।
2. उच्चतम बोली की बिड अनुमोदित किये जाने के पश्चात बोली का सम्पूर्ण धनराशि तत्कालजमा करना होगा एवं शेष बोली धरोहर धनराशि अविलम्ब वापस की जायेगी।
3. उच्चतम बोली स्वीकार किये जाने के उपरान्त धरोहर धनराशि वापस नही की जायेगी।
4. जिस भी बोलीदाता की नीलामी स्वीकार की जायेगी, वह कटान से पूर्व कटान/निकासी की अनुमति प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, मीरजापुर से प्राप्त कर लें तथा कटान प्रारम्भ/समाप्त करने की सूचना क्षेत्रीय वनाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें।

सागौन के पेड़ का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नाजिर, मीरजापुर से सम्पर्क करके किया जा सकता है।

(जितेन्द्र मिश्रा)
सदस्य,
अपर जनपद न्यायाधीश/
न्याय कक्ष संख्या–तृतीय,
मीरजापुर।

30/04/2021
(अनिल कुमार यादव)
अध्यक्ष,
विशेष न्यायाधीश
(एस.सी./एस.टी. एक्ट),
मीरजापुर।

प्रतिलिपि–

1. उक्त नीलामी की सूचना जनपद न्यायालय, मीरजापुर, जिलाधिकारी, मीरजापुर एवं नगर पालिका परिषद, मीरजापुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय।
2. जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर को समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
3. सिस्टम अधिकारी, जनपद न्यायालय, मीरजापुर निविदा की सूचना को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा जनपद न्यायालय, मीरजापुर के वेबसाइड पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।